मूंग खरीदी को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

इटारसी , 5 जुलाई. प्रदेश में 100 प्रतिशत मूंग खरीदी की मांग को लेकर रविवार को किसान कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. रामपुर गुर्रा ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गुर्रा रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

प्रदर्शन का नेतृत्व किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय बाबू चौधरी और किसान नेता पुष्पराज पटेल ने किया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों से किए गए वादों को पूरा नहीं कर रही है और मूंग खरीदी में पात्र किसानों के साथ भेदभाव किया जा रहा है. कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि प्रदेश के सभी किसानों की मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें उनकी उपज का उचित और पूरा मूल्य मिल सके. पुतला दहन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर पुतला छीनने का आरोप लगाया.

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा गांव-गांव तक विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे. इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे.

कलेक्टर के निर्देश पर विद्यालयों का सतत निरीक्षण जारी

नर्मदापुरम, 05 जुलाई. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के जिले के शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की प्रगति एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जा रही है. जिला परियोजना समन्वयक ॅराजेश जायसवाल द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जुमेराती, नर्मदापुरम का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान जायसवाल ने छात्राओं के शैक्षणिक स्तर एवं गुणवत्ता का आकलन किया तथा बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें टॉफी प्रदान कर प्रोत्साहित किया. उन्होंने छात्राओं को प्रतिदिन डायरी लिखाने के लिए प्रेरित किया.

स्वास्थ्य शिविर में 225 मरीजों का परीक्षण

इटारसी, 5 जुलाई . जैसवानी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श महाशिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया. शिविर में कुल 225 मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया गया.

शिविर में बीपी एवं ब्लड शुगर सहित हजारों रुपये की महंगी जांचें नि:शुल्क की गईं. लगभग 150 मरीजों की एचबीए1सी जांच, 100 मरीजों की लिपिड प्रोफाइल एवं यूरिक एसिड जांच, 70 मरीजों का लिवर फाइब्रो स्कैन, 100 मरीजों की न्यूरोपैथी जांच तथा 50 मरीजों की ईसीजी जांच सहित थायराइड टेस्ट भी किए गए.इसके अलावा दमा, एलर्जी और छाती रोगों के लिए स्पायरोमेट्री परीक्षण भी

डॉक्टरों की सलाह पर पैथोलॉजी जांचों पर 25 प्रतिशत छूट भी दी गई. शिविर का संचालन अस्पताल के संचालक व चिकित्सक डॉ. के.एल. जैसवानी, डॉ. दीपक जैसवानी, डॉ. गौरव जैसवानी एवं विक्की जैसवानी की देखरेख में हुआ. नगरवासियों ने इस पहल की सराहना की .

एक नजर में

पुलिस ने जब्त की 3 टन अधिक अवैध मछली

हरदा , 5 जुलाई. मत्स्य महासंघ के वरिष्ठ क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक अजय श्रीवास्तव द्वारा आरोपी साकिब पिता सौकत रजा, वार्ड क्रमांक 02, खेड़ीपुरा के विरुद्ध अवैध रूप से मछली चोरी एवं परिवहन की शिकायत की गई थी. शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली प्रभारी रोशन लाल भारती ने 4 जुलाई को आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) एवं 223 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया . इसके बाद राठी पेट्रोल पंप के पास स्थित एक मकान से लगभग 3 टन 300 किलो मछली जब्त की गई . जांच में पाया गया कि आरोपी के पास मत्स्य निरीक्षक हरदा की ओर से जारी नीलामी पत्रक भी था, जिसमें 800 किलो मछली जाहिद गौरी, निवासी हरदा को 25 हजार रुपये में अंतरित किए जाने का उल्लेख था . जप्त मछली प्रतिबंधित प्रजाति की पाई गई, जिसे इंदिरा सागर से अवैध रूप से लाकर नीलामी से अधिक मात्रा में हरदा में संग्रहित किया गया था . यह गतिविधि अवैधानिक है . कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं पुलिस अधीक्षक शशांक ने मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं . इसी के तहत आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है .

वनांचल में 'सेफ क्लिक्स' अभियान

हरदा, 5 जुलाई. पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में संचालित 'सेफ क्लिक्स' साइबर जागरूकता अभियान के तहत वनांचल क्षेत्र के ग्राम राजाबरारी में आदिवासी समुदाय, महिलाओं और बालिकाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया . कार्यक्रम में ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई . पुलिस ने बताया कि साइबर ठग ऑनलाइन लोन का झांसा देकर ठगी करते हैं, फाइल भेजकर मोबाइल हैक करते हैं तथा फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाकर ब्लैकमेलिंग करते हैं . महिलाओं और बालिकाओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट न स्वीकारने, मजबूत पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अपनाने तथा संदिग्ध लिंक और ऐप डाउनलोड से बचने की सलाह दी गई . पुलिस ने अपील की कि किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक संबंधी जानकारी साझा न करें और साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं . वीबीजी-रामजी अधिनियम पर प्रशिक्षण प्राप्त पिपरिया ,5 जुलाई . सामाजिक अंकेक्षण के विकास खंड समन्वयकों ने वीबीजी-रामजी अधिनियम पर अभिमुखीकरण प्रशिक्षण प्राप्त किया . विकसित भारत फॉर रोजगार गारंटी एवं आजीविका ग्रामीण (वीबीजी-रामजी) अधिनियम 2025 के संबंध में नवीन दिशा-निर्देशों पर जिला एवं विकास खंड समन्वयकों में समझ विकसित करने तथा इसके कुशल क्रियान्वयन के लिए मध्य प्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भोपाल द्वारा प्रशिक्षण आयोजित किया गया . यह प्रशिक्षण मध्य प्रदेश स्टेट सामाजिक अंकेक्षण समिति के जिला समन्वयक एवं विकास खंड समन्वयकों के लिए मध्य प्रदेश जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), भोपाल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सामाजिक अंकेक्षण पर आधारित था, जिसे राज्य समन्वयक महेंद्र प्रताप सिंह एवं राज्य रोजगार गारंटी परिषद के परियोजना अधिकारी द्वारा दिया गया . बताया गया कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के स्थान पर नया कानून 1 जुलाई से पूरे देश में लागू किया गया है, जिसे विकसित भारत फॉर रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 नाम दिया गया है . प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त करने पर प्रशिक्षणार्थियों को मध्य प्रदेश स्टेट सामाजिक अंकेक्षण समिति के सेवानिवृत्त संचालक विकास अवस्थी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिले से प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में जिला समन्वयक राजेश ठाकुर तथा विकास खंड समन्वयक राजेश कुमार ग्यारसे, तखतसिंह अहिरवार, सुनील चौहान, श्रीमती नीलू राजवंशी, नीरज धोलपुरिया एवं गयाप्रसाद तिवारी प्रमुख रहे .

8 जुलाई तक रोजाना 2 से 6 बजे तक रहेगा बंद

नर्मदापुरम .नर्मदापुरम-पिपरिया मार्ग पर स्थित तवा पुल पर मरम्मत कार्य के कारण यातायात व्यवस्था अस्थायी रूप से प्रभावित रहेगी . संरचनात्मक मजबूती के लिए बेयरिंग बदलने के काम के चलते 8 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक पुल पर सभी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी . प्रशासन ने इस दौरान वैकल्पिक मार्गों के उपयोग और जारी डायवर्जन प्लान का पालन करने की अपील की है .

भूस्कूटे लोक न्यास में कार्यकारिणी गठित

नवभारत न्यूज

बनखेड़ी, 5 जुलाई . गोविन्दनगर स्थित भाऊसाहब भूस्कूटे स्मृति लोक न्यास की वार्षिक साधारण सभा रविवार को न्यास परिसर में सम्पन्न हुई. बैठक में संस्था के वार्षिक कार्यों की समीक्षा, आगामी कार्ययोजना और विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई. सर्वसम्मति से चाणक्य बख्शी को न्यास का अध्यक्ष तथा केशव महेश्वरी को सचिव चुना गया.

सभा में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष रविन्द्र कान्हेरे ने सामाजिक, शैक्षणिक और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में न्यास के कार्यों की सराहना करते हुए सेवा, पारदर्शिता और सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया. बैठक में न्यास की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट, आय-व्यय विवरण और आगामी वर्ष की कार्ययोजना को भी अनुमोदित किया गया. अंत में सदस्यों ने समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया. कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन एवं कल्याण मंत्र के साथ हुआ.

सरकार पर पूरी उपज न खरीदने का आरोप

नर्मदापुरम,5 जुलाई. मध्यप्रदेश सरकार की ग्रीष्मकालीन नई मूंग उपार्जन नीति को लेकर नर्मदापुरम संभाग के किसानों में भारी आक्रोश फैल गया है. किसानों ने नीति के विरोध में ट्रैक्टर रैली, धरना-प्रदर्शन और पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया. सोमवार को नर्मदापुरम में पीपल चौक पर फिर प्रदर्शन की चेतावनी दी हैं. भारतीय किसान संघ, क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन, भारतीय किसान यूनियन और किसान कांग्रेस सहित कई किसान संगठनों ने संयुक्त रूप से राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है.किसानों का आरोप है कि सरकार पूरी उपज खरीदने से पीछे हट रही है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है.

भोपाल मंडल इटारसी डिपो में स्टाफ विश्राम व्यवस्था पर उठे सवाल

इटारसी, 5 जुलाई . भोपाल मंडल के इटारसी सीवाईएम यार्ड डिपो में कार्यरत ट्रेन मैनेजर मनीष भगत की कार्यप्रणाली को लेकर कर्मचारियों के बीच सवाल उठ रहे हैं. आरोप है कि जहां सामान्य परिस्थितियों में रनिंग स्टाफ को लगभग 30 घंटे का साप्ताहिक विश्राम दिया जाता है, वहीं उन्हें 40 घंटे तक का विश्राम दिया जा रहा है, जिस पर अन्य कर्मचारियों ने असंतोष जताया है.

सूत्रों के अनुसार, इटारसी डिपो में पहले से ही करीब 40 प्रतिशत स्टाफ की कमी है, ऐसे में कुछ मामलों में बिना गार्ड के मालगाड़ियों का संचालन भी हो रहा है. इसके बावजूद संबंधित कर्मचारी को 22 से 24 घंटे का विश्राम दिए जाने की बात भी चर्चा में है. आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि कर्मचारी मुख्यालय में उपस्थित रहने के बजाय भोपाल से अप-डाउन कर रहे हैं और ड्यूटी संचालन में विशेष सुविधा का लाभ ले रहे हैं. वहीं रनिंग स्टाफ के लिए मुख्यालय में रहना अनिवार्य नियम माना जाता है. इसके अलावा एचआरएमएस रिकॉर्ड और पारिवारिक घोषणा पत्र से जुड़े दस्तावेज समय पर अपडेट न होने की बात भी सामने आ रही है. इस पूरे मामले को लेकर कर्मचारियों में नाराजगी और जांच की मांग उठ रही है.हालांकि अभी तक रेलवे प्रशासन की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है.

गार्ड मनीष भगत को लीगल नोटिस

इटारसी. वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के भोपाल मंडल संगठन सचिव प्रीतम तिवारी ने गुड्स गार्ड मनीष भगत को लीगल नोटिस भेजा है. यह नोटिस वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक शर्मा के माध्यम से भेजा गया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि मनीष भगत द्वारा सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट साझा की गई थी. नोटिस में मांग की गई है कि संबंधित कर्मचारी एक सप्ताह के भीतर मजदूर संघ एवं प्रीतम तिवारी से लिखित में माफी मांगें. ऐसा न करने पर उनके खिलाफ इटारसी न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के साथ ही 50 लाख रुपये की दीवानी मानहानि का मुकदमा दायर करने की चेतावनी दी गई है.

इटारसी में युवती से 1 .90 लाख की ऑनलाइन ठगी

इटारसी. गांधी नगर क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी का बड़ा मामला सामने आया है, जहां एक शातिर साइबर ठग ने 23 वर्षीय युवती अंजलि घारू को अपने जाल में फंसाकर उसके बैंक खाते से करीब 1 लाख 90 हजार रुपये निकाल लिए.

यह ठगी 1 जुलाई से 3 जुलाई 2026 के बीच अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से की गई. पीड़िता को जब खाते से पैसे कटने की जानकारी मिली, तो उसने तुरंत इटारसी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है. साइबर सेल की मदद से बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की ट्रैकिंग की जा रही है. इटारसी पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक, ओटीपी या बैंक डिटेल साझा न करें और साइबर फ्रॉड की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें.

बसारत खान लगातार छठवीं बार निर्विरोध क्षेत्रीय अध्यक्ष बने

इटारसी. मध्यप्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त मध्यप्रदेश सिंचाई जलसंसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब के क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर बसारत खान ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है. तवानगर में सम्पन्न चुनाव प्रक्रिया में वे लगातार छठवीं बार निर्विरोध क्षेत्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं.

इस उपलब्धि के साथ उन्होंने डबल हैट्रिक का अनूठा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया. निर्वाचन प्रक्रिया इंदौर से आए मुख्य निर्वाचन अधिकारी बसंत कुमार कोशल, सहायक निर्वाचन अधिकारी आनंद वर्मा एवं माइक्रो ऑब्जर्वर मुईन उद्दीन कुरैशी की देखरेख में संपन्न हुई. निर्धारित समय तक केवल बसारत खान का ही नामांकन प्राप्त हुआ, जिसे महेंद्र ओगले ने प्रस्तावित तथा अशोक शर्मा एवं वासू वरीवे ने समर्थन दिया. जांच के बाद उन्हें सर्वसम्मति से निर्विरोध विजेता घोषित किया गया. इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सभी का आभार जताते हुए बताया कि इसी वर्ष नर्मदापुरम को अंतर-क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता की बड़ी जिम्मेदारी मिलने जा रही है. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ी और अधिकारी मौजूद रहे.

दरगाह में तोड़फोड़

अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

नवभारत न्यूज़.

नर्मदापुरम/माखननगर, 5 जुलाई. माखननगर थाना क्षेत्र में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात बागरा तवा नगर रोड स्थित धार्मिक स्थल गौरीशाह बाबा की दरगाह में अज्ञात लोगों ने तोड़फोड़ कर दी. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

स्थानीय लोगों के अनुसार, गौरीशाह बाबा की दरगाह पर सभी धर्मों के लोग श्रद्धा के साथ आते हैं. लोगों का कहना है कि शरारती तत्वों ने सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की है.

पुलिस के अनुसार, अज्ञात लोगों ने दरगाह के भीतर मजार पर लगी संगमरमर की जाली तोड़ दी. इसके अलावा चादर और झंडे बाहर फेंक दिए तथा धार्मिक पुस्तकें भी परिसर के बाहर बिखरी मिलीं.

इनका कहना है

शनिवार रात दरगाह में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़फोड़ की गई है . दरगाह की देखरेख करने वाले सलीम की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है . मौके पर पुलिस बल तैनात है .

संजू चौहान, एसडीओपी सोहागपुर

विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियां

13 अगस्त को निकलेगी विशाल महारैली

नवभारत न्यूज

इटारसी, 5 जुलाई . मध्यप्रदेश आदिवासी युवा संघ एवं समस्त आदिवासी संगठनों के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें 9 अगस्त को बड़ादेव पूजन और 13 अगस्त को भव्य महारैली निकालने का निर्णय लिया गया.

यह महारैली रानी दुर्गावती नगर वार्ड-03 से प्रारंभ होकर ढोल-मांदल और डीजे की पारंपरिक धुनों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए नया बस स्टैंड पर संपन्न होगी. रैली में महापुरुषों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी, वहीं गोंडी गायिका प्रियांशी भल्लावी और विशाल काकोड़िया सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे. कार्यक्रम के दौरान शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा. रैली के बाद विशेष शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी तथा निशुल्क ब्लड टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी. बैठक में सुखतवा क्षेत्र में कथित धर्मांतरण और आदिवासियों के शोषण के मुद्दे पर भी चर्चा हुई. समाज ने 13 अगस्त को प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है. बैठक में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

केंद्रों पर व्यवस्थाएं की जाए -कलेक्टर

नर्मदापुरम, 05 जुलाई. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में मूंग उपार्जन प्रक्रिया का निरंतर निरीक्षण कर खरीदी केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि किसानों से उपज का सुचारु एवं पारदर्शी तरीके से उपार्जन किया जा सके. इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम देवेंद्र प्रताप सिंह ने तहसील माखननगर के ग्राम सांगाखेड़ा कला स्थित बालाजी वेयरहाउस में सेवा सहकारी समिति रायपुर द्वारा स्थापित मूंग खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया.

रोकथाम | जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं टाइगर सेल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई .

वन संरक्षण-वन्यजीव संघर्ष रोकथाम पर प्रशासन सख्त

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 5 जुलाई . कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं टाइगर सेल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई.

बैठक में कलेक्टर ने वन संरक्षण, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण और मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि वन प्रबंधन से जुड़े मामलों का निराकरण अनुविभागीय स्तर पर नियमित बैठकों के माध्यम से समयबद्ध किया जाए. उन्होंने विस्थापित राजस्व ग्रामों के पात्र, लेकिन अब तक लाभ से वंचित परिवारों को शीघ्र मुआवजा देने के निर्देश दिए. साथ ही ईको-सेंसिटिव जोन में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण पर रोक लगाने और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा. कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि ईको-सेंसिटिव क्षेत्रों में संचालित होटल एवं रिसॉर्ट से निकलने वाले कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए. जनहानि से जुड़े प्रकरणों में 48 घंटे के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा फसल क्षति के मामलों में शीघ्र सर्वे कर राहत कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए. टाइगर सेल की बैठक में कलेक्टर ने वन्यजीव शिकार जैसी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए मजबूत सूचना तंत्र विकसित करने पर जोर दिया. उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में सक्रिय असामाजिक तत्वों की सूची तैयार कर कार्रवाई करने तथा प्रशासन, पुलिस और वन विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए. बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में वन सुरक्षा को मजबूत करना, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना और वन्यजीव संरक्षण के साथ मानव-वन्यजीव संघर्ष को प्रभावी रूप से कम करना रहा. बैठक में पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, जिला पंचायत सीईओ

ट्रेन की चपेट में व्यक्ति की मौत

इटारसी. ग्वाल बाबा मुंबई आउटर के पास भारत पेट्रोल पंप के सामने रेलवे लाइन पर शनिवार दोपहर लगभग 2 से 3 बजे के बीच एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलने पर सिटी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव की पहचान संतोष सेवरिया (45), पिता बदामी लाल सेवरिया, निवासी मेहरागांव के रूप में की गई. बताया जा रहा है कि मृतक पुताई (पेंटिंग) का कार्य करता था. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है. हादसा किन परिस्थितियों में हुआ. बारीकी से जांच की जा रही है.

ग्रंथपाल पद के लिए सौरभ तिवारी का ही फार्म शेष रहने पर निर्विरोध की स्थिति

अधिवक्ता संघ चुनाव में 22 प्रत्याशी मैदान में, कई पदों पर त्रिकोणीय मुकाबला

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम,5 जुलाई. जिला अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव में नाम वापसी के बाद चुनावी तस्वीर साफ हो गई है. पांच अधिवक्ताओं द्वारा नाम वापस लेने के बाद अब कुल 22 प्रत्याशी मैदान में हैं.

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और महिला आरक्षित कोषाध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला होगा, जबकि सहसचिव पद पर सीधी टक्कर रहेगी. कार्यकारिणी के लिए आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं.

मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस.एस. पटेल एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेश अग्रवाल ने बताया कि अध्यक्ष पद से राजीव दुबे और रामकुमार गुबरेले, उपाध्यक्ष पद से श्रीप्रकाश दुबे और सुंदरलाल वर्मा तथा सहसचिव पद से राकेश बाथरे ने नाम वापस ले लिया. ग्रंथपाल पद पर सौरभ तिवारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए.

अब अध्यक्ष पद पर अजय प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज जराठे और सुरेंद्र सिंह राजपूत के बीच मुकाबला होगा. उपाध्यक्ष पद के लिए दिलीप सिंह ठाकुर, केशव सिंह चौहान और नीरज कुमार पटेल मैदान में हैं. सचिव पद पर आशीष सिंह ठाकुर, अनुपम दुबे और मोहनलाल यादव चुनाव लड़ेंगे. सहसचिव पद पर राकेश शर्मा और सी.के. कुरापा आमने-सामने हैं. महिला आरक्षित कोषाध्यक्ष पद पर गुरप्रीत सिंह कौर, प्रमिला शर्मा और शमशाद खान के बीच मुकाबला होगा. नामांकन अंतिम होने के बाद प्रत्याशियों ने समर्थन जुटाने के प्रयास तेज कर दिए हैं और चुनावी सरगर्मियां सोशल मीडिया तक पहुंच गई हैं.